# भारत सरकार की महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन के कियान्वयन हेतु जनपद–शाहजहॉपुर में गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 17.03.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नमामि गंगे जलपूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0ए0–अ0 लखनऊ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्गत दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वन तथा मूल्याकंन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन समिति की बैठक दिनांक 17.03.2023 को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार, शाहजहॉपुर में आयोजित की गयी है। बैठक में मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा प्रेषित 32 नग डी0पी0आर0, (54 राजस्व ग्राम) को विचारोपरान्त SWSM को प्रेषित किये गये है। DWSM की बैठक मे निम्न सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी शाहजहॉपुर | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्या विकास अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 3 | जिला विकास अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 4 | प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं अथवा उनके नामित सदस्य | सदस्य |
| 5 | जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 6 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 7 | अधिशासी अभियंता वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 8 | अधिशासी अभियंता, ग्रांउड वाटर शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 9 | जिला कृषि अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 10 | जिला सूचना एंव जनसंपर्क अधिकारी शाहजहॉपुर | सदस्य |
| 11 | अधिशासी अभियंता वि0/या0 उ0प्र0 जल निगम, मुरादाबाद शाहजहॉपुर। | सदस्य |
| 12 | अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण शाहजहॉपुर | सदस्य सचिव |

1. जल निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन के अर्न्तगत राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल अपूर्ति हेतु फर्म मै एन0सी0सी0 लि0, हैदाराबाद को चयनित किया गया है। जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति" द्वारा फर्म को 1032 ग्राम पंचायतो (1918 राजस्व ग्राम) की सूची उपलब्ध करायी गयी। जिसमें से फर्म को 1855 राजस्व ग्राम की डी0पी0आर0 डी0डब्ल्यू0एस0एम0 से स्वीकृत है। ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत फर्म द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा समय समय पर निर्गत किए गये निर्देशो के अनुपालन मे प्राक्कलन विरचित किये गए है, जिसकी जल निगम एवं मै0 मेधज टैक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), शाहजहाँपुर द्वारा तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप सघनता से जांच की गयी। फर्म द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 मे ली गयी कार्यो की दरें SWSM Schedule रेट के आधार पर ली गयी है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा मानकीकृत प्रति व्यक्ति 55 एल0पी0सी0डी0 की दर से अभिकल्पित वर्ष 2052 के लिए विरचित किया गया है।
2. वर्तमान तक "जिला पेयजल मिशन" समिति द्वारा 805 नग डी0पी0आर0 (1855 राजस्व ग्राम) अधिशासी निदेशक नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है तथा 795 नग (1828 राजस्व ग्राम) की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। इसी कम में आज बैठक में पुनः 32 नग डी0पी0आर0, (54 राजस्व ग्राम) "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति" के समक्ष संस्तुति हेतु प्रेषित की गयी।

उपरोक्त 32 नग डी0पी0आर0, (54 राजस्व ग्राम) की जल निगम द्वारा तकनीकी परिक्षणोंपरान्त यह पाया गया है कि 18 नग डी0पी0आर0 (30 नग राजस्व ग्राम) Compliant हैं तथा 14 नग डी0पी0आर0 (24 राजस्व ग्राम) Non-Compliant हैं, जिसे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उक्त कम मे ग्रामीण क्षेत्रो मे पेयजल अपूर्ति हेतु 32 नग डी0पी0आर0, (54 राजस्व ग्राम) में 18 नग Compliant डी0पी0आर0 (30 राजस्व ग्राम) को प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन नमामि गंगें जलापूर्ति अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश संख्या–51/2021/1948/छियत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनांक 06.08.2021 के अनुपालन मे प्राकलनों की नियमानुसार रू 5.00 करोड़ से कम लागत की योजनाओ की स्वीकृति "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन" समिति द्वारा प्रदान की गयी तथा 14 नग डी0पी0आर0 (24 नग राजस्व ग्राम) की जांच संयुक्त रूप से अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) व अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम के माध्यम से किये जाने के उपरान्त पुनः अग्रसारित किये जाने के निर्देश जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिये गये।

उक्त के अतिरिक्त एफ0एच0टी0सी0 कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुबन्धित संस्था मैं0एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद को मैन पॉवर बढ़ाते हुए प्रगति को मानक के अनुरूप किये जाने के निर्देश दिये गये।

अतः सम्यक विचारोपरान्त उक्त 18 नग डी0पी0आर0 (30 राजस्व ग्राम) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) की संस्तुति के आधार पर स्वीकृति प्रदान करते हुए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया है।

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।
(सदस्य सचिव)

for
अधिशासी अभियन्ता
(वि0/यां0)
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
मुरादाबाद।
सदस्य

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला कृषि अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

अधिशासी अभियन्ता
वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

बेसिक शिक्षा अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला विकास अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, शाहजहाँपुर
सदस्य

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

प्रभागीय बनाधिकारी स्वयं अथवा
उनके नामित सदस्य,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
उपाध्यक्ष
**मुख्य विकास अधिकारी**
**शाहजहाँपुर**

जिलाधिकारी, (अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
शाहजहाँपुर।